1/6/17

कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, गोण्डा ।

संख्या /नजारत दिनांक

सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण / लकड़ी का कार्य करने वाले ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायाधीश आवास परिसर, में लगे सागौन का एक सूखा बृक्ष, बाउन्ड्रीवाल के मेन गेट के पास लगा है तथा एक बृक्ष यूकेलिप्टस व एक बृक्ष सिरसा का आवास के अन्दर विद्यमान सड़क पर झुका हुआ है तथा एक बृक्ष बड़हल का गिरा हुआ है। उपरोक्त के अलावा जनपद न्यायाधीश आवास परिसर में कठसागौन के सात बृक्ष व एक बृक्ष अकोहर का लगा है । इसके अतिरिक्त जनपद न्यायालय गोण्डा स्थित न्यायिक अधिकारी आवास परिसर में एक पेड़ शीशम व एक बृक्ष सेमल का लगा हुआ है जिन्हें राजकीय सम्पत्ति एवं जानमाल की सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित रूप से कटवाकर हटवाने तथा जनपद न्यायालय परिसर में गिरे हुए एक नीम के पेड़ तथा एक आम का पेड़ जो टूटा हुआ है । उपरिवर्णित सभी बृक्षों की नीलामी दिनांक 08–06–2017 को जनपद न्यायालय गोण्डा में प्रभारी अधिकारी नजारत व नीलामी कमेटी के समक्ष खुली बोली के माध्यम से होनी है। बोली बोलने वाले व्यक्ति/ठेकेदार को बोली बोलने से पूर्व रूपया– 10,000/– नकद जमानत राशि के रूप में नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय गोण्डा में नायब नाजिर के पास जमा करनी होगी तथा इस बात का भी लिखित बन्ध पत्र देना होगा कि वह नीलामी स्वीकृति के पश्चात् तीन दिवस के अन्दर अपने खर्चे पर नियमानुसार पेड़ों को कटवाकर लकड़ियों को सुरक्षित रूप से उन्हें उठायेगा और इस प्रकिया के दौरान परिसर की राजकीय सम्पत्ति को कोई क्षति नहीं पहुंचायेगा । किसी भी बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश गोण्डा को होगा ।

सदस्य,
नीलामी समिति/
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0–3
गोण्डा ।
31.05.17

प्रभारी अधिकारी
नजारत अनुभाग/सदस्य
नीलामी समिति,
विशेष न्यायाधीश ई0सी0 ऐक्ट,
गोण्डा ।
31.05.17

संख्या 965/नजारत दिनांक 31.05.17

प्रतिलिपि :–

1. कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा ।
2. कार्यालय जिलाधिकारी, गोण्डा
3. कार्यालय जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, गोण्डा ।
4. कार्यालय नगर पालिका परिषद गोण्डा ।
5. कार्यालय जिला पंचायत, गोण्डा ।

के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने तथा

6. माननीय उच्च न्यायालय के बेवसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु ।